वर्ष- 3 , अंक- 32
छपरा
21 दिसंबर रविवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## ऑनलाइन गेम एवीएटर में 30 लाख हारा ठेकेदार, दी जान




**भोपाल,एजेंसी।** भोपाल में एक ठेकेदार ने ऑनलाइन गेमिंग में भारी नुकसान के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने ऑनलाइन गेम एवीएटर में करीब 30 लाख रुपए गंवाने का जिक्र सुसाइड नोट में किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, शारदा नगर निवासी शिवान गुप्ता (32) सिविल कॉन्ट्रैक्टर था। गुरुवार रात उसने घर में फांसी लगा ली। शुक्रवार को घर की तलाशी के दौरान पुलिस को सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने लिखा कि उसने लोगों से उधार लेकर ऑनलाइन गेम खेला और सारी रकम हार गया। नुकसान के बाद लेनदारों के दबाव और मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया।

**मोबाइल की कराई जाएगी फॉरेंसिक जांच :**टीआई महेश लिल्हारे ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। मोबाइल की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि एवीएटर गेम किस प्लेटफॉर्म पर खेला जा रहा था और इसमें पैसों का लेनदेन किस तरह से हुआ। इस मामले में साइबर पुलिस की मदद ली जा रही है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट, पायलट सस्पेंड



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर शुक्रवार को ऑफ-ड्यूटी पायलट ने एक यात्री से मारपीट की।इस घटना के बाद यात्री ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए हादसे की जानकारी शेयर की। साथ ही पायलट के कपड़ों और अपने चोटिल चेहरे की तस्वीर भी पोस्ट की। घटना के सामने आते ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा है कि पायलट ड्यूटी पर नहीं था। वह दूसरी फ्लाइट का पैसेंजर था। हमने उसे हटा दिया है, जांच पूरी होने पर कार्रवाई होगी। घटना के बाद यात्री अंकित दीवान ने एक पोस्ट लिखा। इसमें कहा कि मुझ पर मामला खत्म करने का दबाव बनाया गया। जबरदस्ती लेटर लिखवाया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मुझे फ्लाइट छोड़नी पड़ती।

## यूट्यूबर से लैंबॉर्गिनी-मर्सिडीज समेत 10करोड़ की कारें जब्त



**उन्नाव,एजेंसी।** यूपी के उन्नाव जिले का यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी प्रवर्तन निदेशालय (ED) के रडार पर है। जांच एजेंसी ने उनकी लैंबॉर्गिनी, BMW, मर्सिडीज और थार जब्त की है। इन लग्जरी कारों की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। 25 साल के अनुराग और उनके घरवालों के सभी बैंक खाते सीज कर दिए हैं। इन खातों से हुई लेन-देन की जांच भी शुरू कर दी है।

### बंगाल में पीएम मोदी :

# ममता सरकार को मेरा विरोध करना है तो हजार बार करे, लेकिन राज्य का विकास न रोके

**खराब मौसम और घने कोहरे के कारण पीएम का हेलीकॉप्टर लैंड नहीं कर सका,वर्चुअली जनता को संबोधित किया**



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (TMC) पर तीखा हमला बोला । हालांकि खराब मौसम और घने कोहरे के कारण पीएम का हेलीकॉप्टर लैंड नहीं कर सका. जिसके चलते उन्होंने कोलकाता एयरपोर्ट से ही फोन के जरिए वर्चुअली जनता को संबोधित किया।

**कमीशनखोरी में उलझी है बंगाल सरकार :**पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के पास विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है लेकिन यहाँ की सरकार कमीशनखोरी के जाल में फंसी हुई है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा आज बंगाल में हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट सिर्फ इसलिए अटके हैं क्योंकि राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही. ञ्रस्ष्ट को मोदी या भाजपा का विरोध करना है तो हजार बार करे, लेकिन इसका खामियाजा बंगाल की भोली-भाली जनता को क्यों भुगतना पड़ रहा है ?

**खराब मौसम ने डाला खलल, पर मोदी ने किया वादा :**सुबह करीब 10.40 बजे दिल्ली से कोलकाता पहुंचे प्रधानमंत्री को ताहिरपुर जाना था लेकिन कोहरे ने रास्ता रोक दिया। हेलीकॉप्टर काफी देर तक आसमान में मंडराता रहा और अंततः वापस लौट आया. इस पर पीएम ने भावुक होते हुए कहा मैं मौसम की कठिनाइयों को राजनीति के रंग में नहीं रंगना चाहता। आज नहीं आ पाया तो क्या हुआ, मैं वादा करता हूँ कि फिर आऊँगा, बार-बार आऊँगा।

### 3,200 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की सौगात

भले ही पीएम कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए लेकिन उन्होंने बंगाल के लिए 3,200 करोड़ के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें NH-34 का विस्तार शामिल है. जिससे कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच का सफर 2 घंटे कम हो जाएगा।

### टीएमसी का पलटवार

पीएम के आरोपों पर TMC ने जवाब दिया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा कि बंगाल की परेशानी की असली वजह केंद्र सरकार है. TMC के मुताबिक, केंद्र ने जीएसटी और टैक्स के रूप में राज्य से 6.5 लाख करोड़ वसूले लेकिन बंगाल का करीब 2 लाख करोड़ का बकाया दबाकर रखा है। साथ ही पार्टी ने केंद्र पर बंगाल की संस्कृति के अपमान का भी आरोप लगाया ।

## गृह मंत्री अमित शाह का हिमाचल दौरा रद्द,खराब मौसम के चलते टला

**एसएसबी ट्रेनिंग सेंटर के स्थापना दिवस में होना था शामिल**




**कांगड़ा,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हिमाचल प्रदेश का दौरा रद्द हो गया है। उन्हें आज (20 दिसंबर) कांगड़ा जिले के सपड़ी स्थित सशस्त्र सीमा बल (SSB) ट्रेनिंग सेंटर के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद सपड़ी पहुंचकर गृह मंत्री का स्वागत करने वाले थे। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राकेश पठानिया का कहना है कि गृह मंत्री का दौरा खराब मौसम के कारण रद्द हुआ है। हांलाकि अभी गृह मंत्री का दौरा रद्द होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अमित शाह के दौरे के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ज्वालामुखी सब डिवीजन में आज एयरो-स्पोर्ट्स और सभी प्रकार की हवाई गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इनके दौरे को देखते हुए पैराग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी एयरो-स्पोर्ट्स गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंधित थी। यह फैसला वीवीआईपी सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर लिया गया। जिला प्रशासन और हिमाचल बीजेपी ने भी उनके दौरे के लिए तैयारियां कर ली थी। अब अचानक शाह का दौरा रद्द होने से बीजेपी कार्यकर्ताओं में मायूसी है इससे पहले उन्हें शुक्रवार शाम चंडीगढ़ आना था। वहां रात्रि ठहराव के बाद शनिवार सुबह हिमाचल के लिए रवाना होते। मगर, गृह मंत्री शाह चंडीगढ़ ही नहीं पहुंचे।

# असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत,एक घायल

**ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे, कोहरे के कारण हादसे की आशंका**





**नगांव/गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए।

यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुई। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है।

नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।

**इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद हाथी ट्रेन से टकराए :** नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (NFR) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि हादसा गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर दूर लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कांपुर सेक्शन में हुआ। हादसे वाली जगह अधिसूचित हाथी कॉरिडोर नहीं है।

अधिकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड अचानक ट्रेन के सामने आ गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन इसके बावजूद हाथी ट्रेन से टकरा गए। फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि मृत हाथियों का अंतिम संस्कार घटनास्थल के पास ही किया जाएगा।

### पटरी से उतरे कोचों को छोड़कर ट्रेन 4 घंटे बाद रवाना हुई

NFR अधिकारी ने बताया कि सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के सैरांग (आइजोल के पास) से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल तक जाती है। हादसे के बात पटरी से उतरे कोचों के यात्रियों को अस्थायी रूप से अन्य डिब्बों में खाली बर्थ पर शिफ्ट किया गया। फिर प्रभावित कोचों को हटाकर बाकी ट्रेन 4 घंटे बाद, सुबह 6:11 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हुई। गुवाहाटी में ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े गए, जिनमें यात्रियों को बैठाया गया। इसके बाद ट्रेन ने अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की। अधिकारी के मुताबिक, प्रभावित सेक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों को अप लाइन से डायवर्ट किया गया था। मौके पर ट्रैक बहाली का काम जारी है। हस्नक्र के जनरल मैनेजर और लुमडिंग के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

## केरल में छत्तीसगढ़ के मजदूर को बांग्लादेशी समझकर पीटा, मौत

● **लात-घूसों से की गई पिटाई, सीने से बहा खून, काम की तलाश में गया था**



**केरल ,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के एक प्रवासी मजदूर को केरल में बांग्लादेशी समझकर इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। सक्ती जिले के करही गांव के रहने वाले रामनारायण बघेल (31) लगभग एक हफ्ते पहले मजदूरी के लिए केरल के पलक्कड़ जिले गए थे और काम की तलाश कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, केरल पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से कर सक्ती पुलिस को सूचना दी कि 17 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। ऐसा कहा जा रहा है कि, पलक्कड़ के रहने वाले स्थानीय लोगों ने उन्हें बांग्लादेशी समझकर हाथ मुक्के से पीटा। इसकी वीडियो भी सामने आया है। मामला केरल के पलक्कड़ जिले के वालैयार थाना क्षेत्र का है।

# सरकार बोली: एक्यूआई -फेफड़े की बीमारी में कनेक्शन नहीं

**रिसर्च में दावा- खराब हवा से फेफड़ों की क्षमता घट रही**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कहा है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) के ऊंचे स्तर और फेफड़ों की बीमारियों के बीच सीधा संबंध साबित करने वाले ठोस वैज्ञानिक आंकड़े नहीं हैं। हालांकि, वायु प्रदूषण को श्वसन रोगों के बढ़ने का एक कारण माना गया है।

यह जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में लिखित जवाब में दी।

भाजपा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने सवाल किया था कि क्या दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय तक खतरनाक AQI रहने से फेफड़ों की क्षमता कम हो रही है।। वहीं, मेडिकल जर्नल ऑफ एडवांस्ड रिसर्च इंडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया कि खराब हवा के कारण फेफड़ों के काम करने की क्षमता घट रही है।

**दिल्ली में तीन साल में सांस की दिक्कत के 2 लाख से ज्यादा मरीज :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 3 दिसंबर को राज्यसभा में बताया था कि 2022 से 2024 के बीच दिल्ली के छह बड़े सरकारी अस्पतालों में सांस से जुड़ी समस्याओं के 2,04,758 मामले सामने आए।

## तोशाखाना केस: इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल सजा



● **16.40 करोड़ का जुर्माना; 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था ।**


**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और PTI के संस्थापक इमरान खान तथा उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना केस-2 मामले में 17-17 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला शनिवार को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (FIA) की विशेष अदालत ने सुनाया।दोनों पर 16.4 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला एक महंगे बुल्गारी घड़ी सेट से जुड़ा है। उन्हें 2018 में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने यह सेट गिफ्ट की थी, जिसकी कीमत करीब ?2 करोड़ थी। इमरान ने पाकिस्तान आर्काइव को इस गिफ्ट के सही कीमत की जानकारी नहीं दी। उन्होंने झूठ कहा कि यह सिर्फ 5 लाख की है, जिससे घड़ी सरकारी खजाने में जाने से बच जाए।

### इमरान को उम्रदराज और बुशरा को महिला होने के कारण कम सजा मिली

इमरान को कुल 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई। उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल का कठोर कारावास और धारा 5(2)47 के तहत सात साल की सजा सुनाई गई। डॉन अखबार के मुताबिक अदालत ने सजा सुनाते समय इमरान के ज्यादा उम्र (73 साल ) और बुशरा के महिला होने पर विचार किया है। सजा देने में नरमी बरती गई है।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा,लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन

**माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें; 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी**



**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं।

कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 3 और सेट जारी किया गया।

इसमें कुल मिलाकर 3,500 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 लक्ष से ज्यादा की तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं।

# 5 साल में मनरेगा के 4.43 करोड़ जॉब कार्ड डिलीट,बिहार में सबसे ज्यादा 1 करोड़ नाम हटे

**टॉप 6 राज्यों में यूपी-म.प्र. और बंगाल**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले पांच सालों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत देशभर में 4.43 करोड़ जॉब कार्ड हटाए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा बिहार में 1.04 करोड़ कार्ड डिलीट हुए है।

दूसरे नंबर पर यूपी है, जहां 90.4 लाख जॉब कार्ड हटाए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि कुल हटाए गए जॉब कार्ड में बिहार और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 44त्न है। बिहार-यूपी के अलावा जिन 4 राज्यों में सबसे ज्यादा जॉब कार्ड डिलीट किए गए, उनमें ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान शामिल है।

**सरकार बोली- डिलीट कार्ड फर्जी, डुप्लीकेट या गलत जानकारियों वाले थे :** यह जानकारियां ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा में सांसद तिरुचि शिवा के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि जितने भी जॉब कार्ड डिलीट हुए, वे फर्जी, डुप्लीकेट या गलत जानकारियों वाले कार्ड थे और यह प्रक्रिया नियमित रूप से की जाती है। मंत्री ने बताया कि जिन परिवारों ने स्थायी रूप से पलायन कर लिया है, जिन ग्राम पंचायतों का शहरीकरण हो चुका है या जिन परिवारों में जॉब कार्ड का एकमात्र सदस्य मृत्यु को प्राप्त हो चुका है, ऐसे मामलों में भी कार्ड डिलीट किए गए हैं। सरकार ने बताया कि इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए 25 जनवरी 2025 को एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की गई थी। केंद्र के मुताबिक, अगर किसी भी तरह का कन्फ्यूजन होता है इन SOP को देखा जा सकता है।

**मनरेगा का नाम वीबी-जी राम जी करने वाला बिल दोनों सदनों में पास :** 1 से 19 दिसंबर तक चले, संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), 2025' (VB-जी राम जी) करने वाला बिल पास हो गया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे संसद में पेश किया था।

ये बिल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। इसके तहत काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

# राम जानकी पथ के निर्माण में मशरक में कार्य स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के आठ गांवों से गुजरने वाली राम जानकी पथ निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर कार्यस्थल मशरक के बंसोही और चैनपुर गांव में डीएम वैभव श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी संजय सुधांशु, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महतो, बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान और सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। डीएम वैभव श्रीवास्तव ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में हो रहीं दिक्कतों को जाना और उससे सम्बंधित अधिकारियों से सारी समस्याओं को जाना और समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिग्रहण में हो रहीं दिक्कतों को देखते हुए 24 और 26 दिसम्बर को कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर अधिग्रहण की जा रही जमीनों के लोगों ने डीएम से अधिग्रहण में हो रहीं दिक्कतों की शिकायत दर्ज कराई। बनसोही गांव निवासी ने सारे कागजात जमा करने के बाद भी मुवाअजा नहीं मिलने और एक ने नोटिस नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। डीएम ने बताया कि राम जानकी पथ परियोजना के निर्माण से इलाके में समृद्धि आएंगी। भूमी अधिग्रहण में जो भी अड़चनें आ रहीं हैं उनको दूर किया जाएगा। इसके लिए कैम्प का आयोजन और अंचल कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क बनानें का आदेश जारी किया गया हैं।

**डीएम का फैसला, मुआवजा भुगतान में तेजी के लिए लगेगा कैंप** - मशरक प्रखंड के आठ गांवों से गुजरने वाली राम जानकी पथ निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर कार्यस्थल मशरक के बसोही और चैनपुर गांव में डीएम वैभव श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी संजय सुधांशु, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतों, बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान और सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। राम जानकी मार्ग परियोजना में चल रहे निर्माण कार्य तथा भू अर्जन की अद्यतन स्थिति के परिप्रेक्ष्य में मशरख प्रखंड अंतर्गत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मुआवजा भुगतान की धीमी प्रगति तथा अधिकतर रैयतों द्वारा अपना कागजात जमा नहीं कराने के परिप्रेक्ष्य में निदेश दिया गया कि दिनांक 24.12.25 एवं दिनांक 26.12.25 को मौजा बनसोई एवं दुमदुमा में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैम्प के आयोजन से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न स्थलों एवं भवनों पर बड़ा बड़ा बैनर/पोस्टर आदि लगाकर सभी संबंधित पदाधिकारियों का फोन नंबर एवं कैंप आयोजन स्थल का नाम अंकित करते हुए बृहद रूप से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक रैयतों को उक्त कैंप में आने हेतु प्रेरित करते हुए उनसे सम्बन्धित कागजात प्राप्त कर जो भी त्रुटि पाया जाय, उसका निराकरण उसी दिन कैंप में करते हुए सभी दस्तावेज प्राप्त कर मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि इसी प्रकार अन्य छः मौजों में भी नियमित रूप से कैंप आयोजित करना तथा उससे पूर्व बृहद रूप से कैंप के संबंध में प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिला मुख्यालय अवस्थित आपदा नियंत्रण कक्ष तथा जिलाधिकारी नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नियमित रूप से रैयतों से वार्ता करते हुए उनसे अपने कागजात जमा कराने हेतु प्रेरित करें तथा प्राप्त कागजात में त्रुटि निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सीओ मशरख एवं थानाध्यक्ष मशरख को निदेश दिया गया कि सभी सम्बन्धित रैयतों के साथ बैठक कर उनसे विचार विमर्श कर उनसे आवश्यक कागजात प्राप्त करें। जो कागजात जमा करा दिए हैं, उनमें यदि कोई त्रुटि है तो उसका अविलंब निराकरण कराना तथा आपसी पारिवारिक विवाद है तो उसे सुलझाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि अंचल कार्यालय में भी एक हेल्प डेस्क स्थापित करते हुए प्रतिदिन कार्यालय अवधि में रैयतों से कागजात प्राप्त करना तथा इसका भी बृहद रूप से प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। बीडीओ मशरख को निदेश दिया गया कि अपने अधीनस्थ सभी पंचायत सचिवों को क्रियाशील करते हुए उन्हें रैयतों से संबंधित वंशावली निर्माण में पूर्ण रूप से सहयोग करने का निदेश देना सुनिश्चित करें।जिला भू अर्जन पदाधिकारी तथा परियोजना निदेशक, ह्यद्ध छपरा को निदेश दिया गया कि सर्वप्रथम उक्त निर्माण कार्य में बनाई जाने वाली विभिन्न संरचनाओं को प्राथमिकता देते हुए बिंदुवार समस्याओं का निराकरण करते हुए संदर्भित स्थलों से सम्बन्धित रैयतों को मुआवजा भुगतान की कार्रवाई करते हुए संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। डीएम के द्वारा वहां उपस्थित रैयतों से भी अपील की गई कि अपने अपने भूमि से संबंधित कागजात अविलंब अंचल कार्यालय अथवा जिला भू-अर्जन कार्यालय में जमा कराएं ताकि यथाशीघ्र मुआवजा राशि का भुगतान संबंधित रैयतों को किया जा सके तथा सरकार की इस अति महत्वपूर्ण परियोजना का कार्यान्वयन सुचारू रूप से कराया जा सके।

## आई मास बाघवा, कंपावे लागी माघवा त हाड़वा में जाड़वा समाला हो बटोहिया

### रामेश्वर गोप और सोनम मिश्रा हुए सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** आई मास बाघवा कंपावे लागी माघवा त हाड़वा में जाड़वा समाला हो बटोहिया. भिखारी ठाकुर रचित विदेशिया गीत की उपरोक्त पंक्ति ने दर्शकों को कड़ाके की ठंड में भी गर्मी का एहसास कराया. देर शाम तक चले छपरा भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में जिले के लोकगायक व आकाशवाणी व दूरदर्शन के ग्रेड के कलाकार रामेश्वर गोप के सधी आवाज में भिखारी ठाकुर के गीतों की प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को गुरुवार की देर शाम तक झुमाया. 138 वीं भिखारी ठाकुर जयंती पर सारण जिला प्रशासन के सौजन्य से भिखारी ठाकुर लोक साहित्य व सांस्कृतिक महोत्सव छपरा ,सारण जिला नाई संघ व पाटलिपुत्र इंस्टिट्यूट आफ सोशल साइंस रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में उम्दा सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत शिक्षक शेखर सुमन व गायिका आर जे लक्ष्मी के समवेत स्वर में प्यारी देश तनी देख द हमके,ज्योत्स्ना के स्वर में डगरिया जोहत ना ,कमलदेव यादव का चरण कमल बलिहारी ऐ रघुवर गायन के साथ सोनम मिश्रा के निर्देशन में नवादा उच्चतर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भिखारी ठाकुर के गीतों पर भावपूर्ण नृत्य की उम्दा प्रस्तुति की. कलाकारों को शॉल व मोमेंटो देकर एमएलसी डॉ बीरेंद्र नारायण यादव,डॉ लालाबाबू यादव ,नाट्य कर्मी अमित रंजन , राजेंद्र राय , ओमप्रकाश गुप्ता आदि द्वारा पुरस्कृत किया गया.

## भेल्दी में नौ दिन बाद फिर एक घर से नगदी समेत लाखों के जेवर की हुई

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के मदारपुर गांव में शुक्रवार की रात चोरो ने एक मिठाई दुकानदार के घर से नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर ली।घर में भीषण चोरी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भेल्दी थाने के मदारपुर गांव के मिठाई दुकानदार सकलदीप साह ने बताया कि शुक्रवार की रात परिजन खाना खाकर अपने-अपने घर में सोए हुए थे।तभी रात्रि के करीब 11 बजे चोरो ने घर के खुले वेन्टीलेटर के सहारे घर में प्रवेश कर गए और घर के अंदर रखे बक्से को तोड़कर 5 हजार रुपए नगदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी कर ली।चोरो ने सोने की दो मंगलसूत्र, कान की झूमका, मंगटीका, सोने की चेन, चांदी का डरकश, बिछिया, बेसरी चांदी की कटोरी, मछली, पान पता समेत लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर ली।चोर जब सामान लेकर घर के बाहर निकले उसी समय परिजनों की नींद खुल गई और कुछ दूर तक चोरों का पीछा भी किया मगर चोर भागने में सफल रहे।परिजनों ने चोरी की सूचना रात मे ही भेल्दी पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।

**नौ दिन पूर्व रिटायर्ड शिक्षक के घर हुई थी लाख लाख से अधिक के जेवर की चोरी**-बताते चलें कि नौ दिन पूर्व भेल्दी थाने के शोभेपुर गांव के रिटायर्ड शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद यादव के पार्वती सदन से चोरों ने 50 हजार रूपए नगदी समेत समेत लाख लाख से अधिक के आभूषण की चोरी कर ली थी।इस मामले में मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने घटनास्थल का दौरा कर मढ़ौरा अंचल के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एसआइटी का गठन कर कार्रवाई तेज कर दी गई मगर आज तक पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग सकी।इधर, लोगों का आरोप है कि भेल्दी थाना क्षेत्र में कई जगह लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है।पुलिस लॉटरी संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ गई है।

## शहरी आवास योजना की किसी लाभार्थी को किस्त की राशि नही मिली है, तो कार्यालय में सूचना दे

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण )।** नगर पंचायत ने वैसे सभी लोग जिन्हे शहरी आवास योजना के किसी किस्त की राशि नही मिली है, तो कार्यालय में सूचना देने को कहा गया है। नपं ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 की योजना इस वर्ष 31 दिसम्बर से समाप्त हो रही है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 शुरु हो चूकी है। ऐसे मे? पहले के आवास योजना से चयनित लाभार्थी जिनका कोई किस्त बकाया रहे तो उन्हे नपं कार्यालय को इसकी जानकारी देकर बकाया किस्त की मांग करनी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 की योजना 31 दिसम्बर को समाप्त हो जाएगी। वैसे लाभुक जो प्राप्त राशि के विरूद्ध गृह निर्माण नहीं किये है वे तत्काल गृह निर्माण कार्य पूर्ण कर राशि प्राप्त कर सकते है। योजना की अवधि समाप्त होने के बाद गृह निर्माण के संबंध में बकाया राशि की मांग विचार नही होगे। वही गृह निर्माण पूर्ण नहीं होने पर लाभुको से विधि सम्मत तरीके से राशि वसुल की जाने की बात भी नपं कार्यालय ने कही है

## मढ़ौरा - धेनुकी से सरकारी गाछी बाजार तक के अतिक्रमण को हटाया गया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** एसडीओ के निर्देश पर अंचल एवं नगर सरकारीप्रशासन के संयुक्त पहल से शनिवार को नगर क्षेत्र के धेनुकी से सरकारी गाछी बाजार तक के अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे दुकानदारों और मकान मालिको द्वारा बनाई गई सिढ़ी और अन्य पक्का निर्माण को भी तोड़कर अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस संबंध में मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारी सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने का पूर्व से निर्देश प्राप्त था। नगर प्रशासन के द्वारा भी दुकानदारों एवं मकान मालिकों से सड़क क्षेत्र का किए गए अतिक्रमण को हटा लेने का सूचना प्रसारित करवाया गया था। निर्धारित अवधि तक अतिक्रमण नही हटाने पर कार्रवाई की गई है। बताया कि



अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई चरणबद्ध तरिके से आगे भी जारी रखी जाएगी। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में धेनुकी से सरकारी गाछी तक एसएच 73 के दोनों किनारे किये गये अतिक्रमण को मुक्त कराया गया है।

## लोक सेवा आश्रम सोनपुर में स्थापित शनिदेव को शनिवार को पूजन का विशेष महत्व

### शनि देव न्याय प्रिया देवता : मौनी बाबा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर स्थित लोक सेवा आश्रम परिसर में भगवान सूर्य देव व शनिदेव की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि शनिदेव न्याय के देवता हैं और कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। इसलिए उनकी उपासना से जीवन की बाधाएँ, शनि दोष और मानसिक कष्ट कम होते हैं। उक्त बात की जानकारी देते हुए लोक सेवा आश्रम के व्यवस्थापक संत शिरोमणि विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा ने शनिवार के संध्या उन्होने बताया कि शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित दिन माना जाता है। इस दिन किया गया पूजन विशेष फलदायी होता है। श्रद्धालु शनिवार को प्रातः स्नान कर काले तिल, सरसों का तेल, काले वस्त्र, काले चने तथा दीपक अर्पित करते हैं और शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करने से शांति और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। शनि भगवान सूर्य के पुत्र हैं. शनिवार के दिन संध्याकालीन पीपल के पेड़ के नजदीक दीपक जलाने से शनि ग्रह शांत होते हैं। शनि देव उनकी हर इच्छा को पूर्ति करते हैं। कहते हैं कि शनि देव न्याय प्रिया देवता है।

लोक सेवा आश्रम में प्रत्येक शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना होती है और भक्तो के बीच खिचड़ी का प्रसाद के रूप में वितरण होता है.जिससे दूर-दराज़ से भक्त शामिल होते हैं। अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने बताया कि आश्रम प्रबंधन के दिशा निर्देश के अनुसार नियमित पूजन से भक्तों को धैर्य, अनुशासन और आत्मबल मिलता है। कई श्रद्धालुओं का विश्वास है कि शनिदेव की कृपा से जीवन की परेशानियाँ धीरे-धीरे दूर होती हैं। शनिवार को आश्रम में पूजा के साथ दान-पुण्य का भी विशेष महत्व है। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और तेल का दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस प्रकार, लोक सेवा आश्रम में स्थापित शनिदेव की उपासना आस्था, सेवा और सामाजिक सहयोग का सुंदर संगम प्रस्तुत करती है।

## ठंड से वचाव के लिए चौक चौराहो पर हों अलाव की व्यवस्था

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विगत 5 दिनों से शीत लहर और घने कोहासे ने जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के अलवा दियरा क्षेत्र के सबलपुर चारों पंचायत सहित प्रमुख चौक चौराहों पर ठंड से बचाव की बुनियादी राहत व्यवस्था सरकार के तरफ से नहीं है। इस कड़ाके के ठंड और शीतलहर में भी सोनपुर प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था अभी तक नहीं कर पाई है। जिससे गरीब तबके लोग और असहाय वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है।सोनपुर नगर क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त होने के कारण सड़क मार्ग किनारे छोटे मोटे दुकनदार जो अंडा, सब्जी, फल अन्य समानों को बेचकर अपना ग़रीबी जीवन किसी तरह से जी रहे थे.वैसे स्थिति में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त होने के कारण इन गरीबो के भरण पोषण जुटाने के लिए अपना जान के बाजी लगाकर इस ठंड में हाजीपुर, पटना, मुज़फ्फरपुर आवागमन कर रहे है। इस रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले मजदूर अपने घर से दूसरे स्थान से गुजररते हुए शहर में काम ढूंढने के लिए निकलते है. ऐसे स्थिति में कही पर भी अलाव की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों व मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनपुर प्रखंड के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के प्रशासन द्वारा किसी भी चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से मजदूर वर्ग के लोग ठंड से कांपते नजर आते हैं। गरीबों के शरीर पर एक कुर्ता,पेंट के अलावा एक चादर होता है. गरीब तबके लोग इस ठंड से बचने के लिए कूड़े कचड़ा, टायर, पोलोथिन को विटोर कर आग लगा कर अपने शरीर को गर्म करने के लिए मजबूर है. उन्हें क्या पता की जिस कूड़े कचरे, टायर को जलाने से अनेक बीमारिया से ग्रसित हों सकते है लेकिन उन बीमारियों को नजर अंदाज कर किसी तरह से इस ठंड के वचाव के लिए उसे तापते है। सम्पन्न लोगों को तो अलाव कि जरूरत नहीं पड़ती है वे लोग ऊनी कपड़े पहनते हैं और घर में हीटर पर जमे रहते हैं। स्थानीय समाजसेवी लाल बाबू पटेल, संजीत कुमार,वैभव सिंह, भरत सिंह, हरेंद्र शाह,यशवंत कुमार ने स्थानीय प्रशासन से मांग किया है कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के महत्वपूर्ण चौक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था कि जाय और गरीबो के बीच कंबल का वितरण किया जाए। इस नेक काम में धनवान लोग भी

## नयागांव व पहलेजाघाट थाना परिसर में राजस्व पदाधिकारी ने सुनी लोगो की फरियाद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत नयागांव एवं पहलेजा घाट, सोनपुर थाना परिसर में जनता दरबार लगाया गया। जहां भूमि से संबंधित समस्याओं के निदान करने के लिए आवेदन देने या दोनों पक्षों के सहमति से भूमि की समस्या के निदान करने के लिए सरकार की दिशा निर्देश के अनुसार शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। उक्त बात की जानकारी देते हुए राजस्व अधिकारी राजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि नयागांव थाने में चार नए आवेदन आए हैं जबकि एक भी मामले का निष्पादन नहीं हुआ है वही पहलेजा थाने में दो नए आवेदन आए हैं। दो पक्षों में से एक पक्ष के नहीं आने के कारण आवेदन का निष्पादन नहीं हुआ है। जिन मामले में एक पक्ष नहीं आये है वैसे लोगों को अगले सप्ताह जनता दरबार में बुलाने के लिए नोटिस किया गया है. जनता दरबार में मौजूद रहे राजस्व कर्मी अजय कुमार, कुंदन कुमार, सोहराब अली सहित थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।




## डंफर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत, आक्रोशित लोगो ने डंभर में लगायी आग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर लोमा महतो ढाला के नजदीक शनिवार के शाम हाईवा व ट्रक जो शिकारपुर की ओर जा रहा था इसी बीच शिकारपुर की ओर से मोटरसाइकिल सवार किसी काम से सोनपुर की ओर जा रहा था.इसी बीच अचानक डंफर चालक अनियत्रित होकर बाइक सवार को ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार की मौत घटना स्थल पर हों गयी है। इस बात की जानकारी देते हुए सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने



बताया कि मृतक के पहचान प्रमोद कुमार शाह उम्र 40 वर्षी पिता स्व जलधर शाह जो टरवा मगरपाल के निवासी है। दोनों वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा. इस घटना के बाद आक्रोषित लोगो ने गाड़ी में आग के हवाले किया। मोटरसाईकिल क्षति ग्रस्त हों गया है। घटना के जनकारी मिलते ही मौके पर प्रशासन पहुंच कर हालात को काबू मे किया और वाहन में लगे आग को बुझाते हुए शव को कब्जा में लेकर हाजीपुर सदर अस्पताल में पोस्टमास्टम के लिए भेजा दिया है 7 वहीं पुलिस डंपर चालक के खोजबीन में जुट गई है. इस घटना की जानकारी मृतक के परिवार जनों को मिलते ही घर में हाहाकार मच गया. शिकारपुर निवासी घनश्याम तिवारी ने बताया कि मृतक के एक लड़का व 2 लड़की है। मृतक गरीब परिवार है.मृतक मैकेनिक के काम करता था। इस घटना के बाद परिवार जनों को रो-रो के बुरा हाल है।

## सारण एसएसपी ने रात्रि में सोनपुर जेपी सेतु चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सारण एसएसपी ने पहलेजा थाना क्षेत्र के जेपी सेतु चेक पोस्ट स्थल पर वीते रात्रि शुक्रवार को पहुँच कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा चेक पोस्ट पर की जा रही वाहन जांच एवं निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया । मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों से ड्यूटी की जानकारी प्राप्त कर उन्हें सतर्कता, मुस्तैदी एवं अनुशासन के साथ कर्तव्य निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एसएसपी ने वाहन जांच को प्रभावी बनाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देर रात्रि गश्ती एवं चेकिंग में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना सारण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सारण पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार सघन चेकिंग एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा।






## अतिक्रमण हटाने पहुंचे एनएचएआई के पदाधिकारियों को विरोध

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** शनिवार को मांझी के मझनपुरा के समीप अतिक्रमण हटाने के लिए भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे एनएचएआई के पदाधिकारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा तथा उन्हें मौके से बैरंग वापस लौटना पड़ा। पूछे जाने पर मकान मालिकों ने बताया कि सरकार द्वारा जमीन के साथ मकान का उचित मुआवजा अभी तक नही दिया गया है इस वजह से हम सभी अपने मकान पर बुलडोजर नही चलने देंगे। लोगों ने कहा कि जबतक मौके पर शिविर लगाकर हमारे मकान का उचित मुआवजा नही दिया जाएगा तबतक हमलोग जमीन अथवा घर खाली नही करेंगे। मौके पर मौजूद कौरुधौरु पँचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए एक सप्ताह के भीतर वाजिब दर से मुआवजा के भुगतान की मांग की जिसपर एनएचएआई के पदाधिकारियों ने सहमति दे दी और आक्रोशित लोग शांत हो गए। बताते चलें कि एनएचएआई द्वारा चिन्हित भूमि व भवन के लिए निर्धारित राशि को अपर्याप्त बताते हुए मझनपुरा, कौरुधौरु,धनी छपरा,दुर्गापुर तथा बहोरन सिंह के टोला के प्रभावित लोगों ने सारण के डीएम को अलग अलग आवेदन देकर मुआवजे की दर का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग की है।



## मोबाइल के मोह में लूट के बाद अपना फोन लेने पहुंचा बदमाश, पुलिस ने दबोचा

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र में एक शातिर बदमाश को अपने मोबाइल का लालच महंगा पड़ गया। गंडक नदी के तटबंध पर लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे अपराधी को पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वह घटनास्थल पर गिरा हुआ अपना मोबाइल फोन वापस लेने पहुंचा।

**क्या है पूरा मामला** -शुक्रवार की शाम, कोंध खिड़ी टोला निवासी मनोज सिंह सतजोरा बाजार स्थित ग्रामीण बैंक से पैसे निकालकर वापस लौट रहे थे। जब वे मड़वा बसहियां गांव के पास पहुंचे, तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने चाकू का डर दिखाकर उनके साथ मारपीट की और उनका पिट्ठू बैग छीनकर फरार हो गए।

**कैसे पकड़ा गया अपराधी ?** लूट के बाद भागने के दौरान एक बदमाश का मोबाइल फोन मौके पर ही गिर गया। कुछ दूर जाने के बाद जब उसे अहसास हुआ, तो उसने उसी नंबर पर कॉल किया। तब तक वहां पुलिस और ग्रामीणों की भीड़ जुट चुकी थी।

**पुलिस की चतुराई** - पुलिस ने फोन रिसीव किया और बदमाश को मोबाइल ले जाने के लिए वापस बुलाया।

**गिरफ्तारी** - जैसे ही बदमाश अपना फोन लेने पहुंचा, पुलिस ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनबरसा गांव निवासी आशिक आलम के रूप में हुई है।

**बैग में नहीं थे पैसे** - पीड़ित मनोज सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि बदमाशों ने जो बैग लूटा, उसमें पैसे नहीं थे। उन्होंने समझदारी दिखाते हुए पैसे अपनी जेब में रखे थे, जिसके कारण उनकी मेहनत की कमाई सुरक्षित बच गई। पुलिस की कार्रवाई थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य दो फरार बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## विराट डाक मेला का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** छपरा प्रधान डाकघर के परिसर में विराट डाक मेला का आयोजन सारण डाक प्रमंडल के वरीय अधीक्षक रासबिहारी राम की अध्यक्षता में हुई। मेले में डाक विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की व्यापक चर्चा प्रमंडलीय उपाधीक्षक दिनेश साह ने की तथा इस वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्य अतिथि के रूप में छपरा के निवर्तमान विधायक चतुर्भुज नाथ गुप्ता ने कहा कि अपनी पौराणिक विरासत को संरक्षित करते हुए डाक विभाग नये परिवेश के अनुसार अपनी कार्य पद्धति को बदल रहा है यह अत्यंत खुशी की बात है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सारण विभाग के सम्पर्क प्रमुख अवध किशोर मिश्र ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक डाक विभाग की रीढ़ हैं किन्तु इनको आज भी बन्धुआ बनाकर रखा गया है जो भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। मोदीजी को इनकी आर्थिक स्थिति पर संज्ञान लेना चाहिए। अपने स्वागत भाषण में भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर कुंवर ने कहा कि डाक विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को ग्रामीण डाक सेवक ही पूरा करते हैं किन्तु उन्हें इक्कीसवीं सदी में भी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है जो बहुत दुखद है। ग्रामीण डाक सेवक ही इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक चलाते हैं, आश्चर्य यह है कि ग्रामीण डाक सेवक बैंक तो चलाते हैं किन्तु बैंक की कोई भी सुविधा उन्हें नहीं मिलती। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक दुनिया में एक ऐसा विचित्र बैंक है जिसे वे डाक सेवक चलाते हैं जिनका सेवा काल मात्र पांच घंटे का है और उन्हें सारे काम पांच घंटे में ही निष्पादित करने पड़ते हैं जबकि समान काम के लिए समान वेतन का फर्मूला लागू होना चाहिए। सहायक डाक अधीक्षक केन्द्रीय अनुमंडल छपरा ने सभी अतिथियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर राहुल, सत्यम, अशोक पाण्डेय, तरुण कुमार सिंह, सनत कुमार तिवारी , अरुण सिंह, कैलाश सिंह को वरीय डाक पाल श्रीमती उषा कुमारी ने सम्मानित किया।

## बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में

### सारण, नवादा, पटना और मुंगेर की टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**दैनिक खोज खबर/पटना ।** जहानाबाद के हुलासगंज कसियावा के डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रांगण में डॉ चंद्रिका बाबू खेल महोत्सव के तहत आयोजित तीन दिवसीय 10 वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मैच समाप्ति के बाद रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबला आठ टीमों के बीच हुआ । बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पटना, मुंगेर, सारण एवं नवादा की टीम अंतिम चार यानि सेमीफाइनल में पहुंची। आयोजन अध्यक्ष डॉ संजय कुमार एवं बिहार हैंडबॉल संघ के देखरेख में आयोजित दूसरे दिन राष्ट्रपति पदक से सम्मानित अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक अलखदेव यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का टॉस कराया। मौके पर बिहार हैंडबॉल के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद , जहानाबाद जिला हैंडबॉल सचिव सह आयोजन सचिव आलोक कुमार, रोहतास हैंडबॉल सचिव विनय कुमार , मुंगेर सचिव राकेश कुमार के अलावे बाला जी , राष्ट्रीय रेफरी चंदन कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद दूसरे दिन भी आयोजन एवं खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह चरम पर दिखा। काफी संख्या में प्रबुद्ध लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

**खेले गए के मैच परिणाम...** क्वार्टर फाइनल में पटना ने जहानाबाद को 03 - 01, मुंगेर ने कैमूर को 09 - 01 ,सारण ने वैशाली को 08 - 02, नवादा ने रोहतास को 10 - 01से पराजित किया । इस तरह पटना , मुंगेर, सारण एवं नवादा ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल का टिकट प्राप्त किया।

# स्वदेशी का नारा और आज की हकीकत

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा (सारण)।** स्वदेशी का नारा लगाना बहुत आसान है। यह एक पल में लोगों को आकर्षित कर लेता है, मंचों पर तालियाँ बजवा देता है, और भाषणों में देशभक्ति की भावना पैदा कर देता है। लेकिन वास्तव में स्वदेशी अपनाना और स्वदेशी जीवन जीना बेहद कठिन कार्य है। इस कठिनाई को समझे बिना स्वदेशी केवल एक नारा बनकर रह जाता है। आज स्वदेशी का नारा लगाने वालों की जीवनशैली और पहनावे पर नजर डालें तो सच्चाई खुलकर सामने आ जाएगी–कपड़े से लेकर मोबाइल तक, जूते से लेकर चश्मे तक सब कुछ मल्टीनेशनल कंपनियों का होगा।

हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों ने जब स्वदेशी और स्वराज्य की बात की थी, तो उसका अर्थ सिर्फ विचार नहीं था–उसमें क्रियान्वयन भी शामिल था। गांधी जी 'स्वदेशी' कहते थे, तो खुद चरखा कातकर खादी पहनते थे; लोहिया 'सादगी' की बात करते थे तो अपने जीवन में उसे उतारते थे; नेहरू, पटेल और टैगोर जैसे नेताओं ने भारतीयता की जड़ें मजबूत कीं। उस दौर में नारा जीवन था, आज जीवन नारा बन गया है।

आज जब स्वदेशी का मुद्दा धीरे-धीरे लोगों के बीच पकड़ बनाता है, तभी चाइना का सस्ता सामान मार्केट में छा जाता है। चाइनीज प्रोडक्ट अपेक्षाकृत बहुत सस्ते होते हैं, और यही भारत के उपभोक्ता बाजार को सबसे अधिक प्रभावित कर रहा है। उपभोक्ता के सामने दो विकल्प हैं–स्वदेशी महंगा और विदेशी सस्ता। गरीबी, बेरोजगारी और



नीरज कुमार

सीमित आय की परिस्थितियों में आम आदमी क्या चुनेगा? ऐसी स्थिति में चीन ने भारत के बाजार में केवल जगह ही नहीं बनाई, बल्कि गहरी पैठ जमा ली है।

**मोबाइल उद्योग इसका बड़ा उदाहरण है**–एक दौर था जब भारतीय मोबाइल कंपनियां–कार्बन, माइक्रोमैक्स, लावा, इंटेक्स–पूरे देश में नाम कमा रही थीं। भारत का बाजार भारतीय कंपनियों पर निर्भर था। लेकिन जैसे ही चाइनीज कंपनियां कम कीमत पर बेहतरीन फीचर्स वाले फोन लेकर भारत में उतरीं, तस्वीर बदल गई। भारतीय कंपनियां या तो बंद हो गईं, या फिर बंद होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। यह केवल मोबाइल उद्योग का किस्सा नहीं है, यह लगभग हर सेक्टर की वास्तविकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स हो, खिलौने हों, बिजली उपकरण हों, सजावटी सामान हो–चाइना ने हर क्षेत्र में भारतीय बाजार को चुनौती देकर कब्जा कर लिया। यह कब्जा केवल व्यापार का नहीं है, यह भारतीय अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता पर भी चोट है। समस्या का समाधान नारे से नहीं, निर्माण से होगा। भारतीय कंपनियों को केवल भावनाओं पर नहीं, गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। स्वदेशी का अर्थ यह नहीं कि जो भी देशी है, वही सबसे श्रेष्ठ है–स्वदेशी को श्रेष्ठ बनाना होगा। भारतीय कंपनियों को चाहिए–तकनीक में निवेश, रिसर्च और डेवलपमेंट पर ध्यान, युवाओं के लिए रोजगार आधारित उत्पादन, गुणवत्ता और डिजाइन में सुधार, और सबसे महत्वपूर्ण–दाम आम जनता की क्षमता में हों। यदि भारतीय कंपनियां सस्ते, टिकाऊ और आधुनिक उत्पाद तैयार कर सकें, तभी स्वदेशी आंदोलन वास्तविकता में बदल सकता है। केवल भावनाओं से बाजार नहीं जीता जा सकता–बाजार गुणवत्ता, तकनीक और कीमत से जीता जाता है। आज सरकार 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे कार्यक्रम चला रही है। इसका फायदा तभी होगा जब उद्योगपति, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी और उपभोक्ता एक दिशा में सोचेंगे। स्वदेशी एक नारा नहीं–राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। लेकिन यह तभी संभव है जब देश का नागरिक भी अपने स्तर पर पहल करे। हम सर्वांगीण विकास चाहते हैं तो सबसे पहले स्वदेशी को व्यवहार में लाना सीखना होगा। गांधी ने कहा था– ÷स्वदेशी आत्मनिर्भरता की जड़ है।÷ इस वाक्य का अर्थ आज पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है।भारत को आर्थिक जगत में अपना स्थान बनाना है तो विदेशी चमक से प्रभावित होने की मानसिकता छोड़नी होगी। हमें गर्व हो, कि हम भारतीय हैं–पर गर्व सिर्फ कहने से नहीं, बनाने और अपनाने से आएगा।

## किसान गोष्ठी में रबी फसलों के उन्नत प्रबंधन पर हुई चर्चा

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में शनिवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय झा की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी सीजन की फसलों के सफल उत्पादन और उनके वैज्ञानिक देख-रेख के प्रति जागरूक करना था।फसल सुरक्षा और तकनीक पर जोर था।गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय झा ने कहा कि रबी के मौसम में गेहूं, दलहन और तेलहन की फसलों में नमी प्रबंधन और कीट नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों को समय पर सिंचाई और उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी। तकनीकी प्रबंधक रंजन कुमार पाण्डेय ने आधुनिक कृषि यंत्रों और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।विभागीय योजनाओं की जानकारी गोष्ठी के दौरान उद्यान पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बागवानी फसलों और सब्जियों की खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया। वहीं, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी नितेश कुमार ने पैक्स के माध्यम से खाद की उपलब्धता और किसानों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कृषि समन्वयकों ने किसानों को सलाह दी कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे अपने क्षेत्र के किसान सलाहकार से संपर्क करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि समन्वयक उदय शंकर सिंह, हरिशंकर सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी और राज कुमार राम उपस्थित थे। इसके साथ ही दर्जनों की संख्या में प्रगतिशील किसान और विभिन्न पंचायतों के किसान सलाहकार मौजूद रहे, जिन्होंने कृषि संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## वाटर यूजर समिति का चुनाव सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के गंडक कार्यालय परिसर में जल संसाधन विभाग बिहार सरकार के एमसीडी योजना अंतर्गत बंगरा तथा किशनपुर कलस्टर में प्रेशराइज पाइपलाइन एरिगेशन नेटवर्क मोड में सिंचाई हेतु वाटर यूजर समिति के चुनाव के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान ने की।बैठक मे वाटर यूजर समिति का चुनाव संपन्न किया गया। जिसमें विनय कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चुना गया. वहीं उपाध्यक्ष पद पर चंदन कुमार सिह व दीपक कुमार सिंह को, कोषाध्यक्ष वरुण कुमार साह को एवं क्लस्टर सचिव पद पर विजय कुमार यादव को चुना गया। मौके पर सरपंच संघ के प्रभुनाथ सिंह बीडीसी राजन तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू सिंह,वकील सिंह, रवींद्र पांडेय,गंडक के जूनियर इंजीनियर इरशाद आलम, विमलेश कुमार,राकेश कुमार एवं सहायक अभियंता अमरजीत कुमार सहित क ई अन्य उपस्थित थे।

## भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में जिले के सभी उच्च विद्यालयों में 'सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम का आयोजन

● **जिले भर के विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड के माध्यम से सुरक्षा जागरूकता अभियान**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिले के सभी उच्च विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में नियमित रूप से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्काउटङ्कगाइड द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, आत्मरक्षा एवं अनुशासन से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में यादव क्षत्रिय उच्च विद्यालय, खोदाईबाग में भी भारत स्काउट और गाइड के नेतृत्व में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रङ्कछात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में सुरक्षित व्यवहार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करना है। जिले के प्रत्येक उच्च विद्यालय में शिक्षक को स्काउट मास्टर एवं शिक्षिका को गाइड कैप्टेन का प्रशिक्षण देके उनको विद्यालय के नोडल शिक्षक के रूप में नियुक्ति की गई है, जिनके मार्गदर्शन में भारत स्काउट और गाइड द्वारा यह कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इससे विद्यालयों में स्काउटिंगङ्कगाइडिंग गतिविधियों को सुदृढ़ आधार मिला है।विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों ने भारत स्काउट और गाइड की इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने कहा कि ÷भारत स्काउट और गाइड द्वारा प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना का विकास करना है। इस पहल से जिले में स्काउटिंगङ्कगाइडिंग गतिविधियाँ और अधिक प्रभावी व सशक्त होंगी।

## इसुआपुर में आज 7 घंटे बिजली रहेगी गुल

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड में रविवार को 10 बजे सुबह से 5 शाम तक 7 घंटे बिजली कटी रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए विभागीय जेई मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि इसुआपुर पावर हाउस में रविवार को 5 एमभीए का ट्रांसफार्मर बदलकर 10 एमभीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाना है। इस दौरान 33 केवी का पावर सप्लाई बाधित रहेगी। साथ ही कहा कि 5 एमभीए का ट्रांसफार्मर होने से उस पर बिजली का लोड अधिक था। जिससे पावर सप्लाई बार-बार बाधित होते रहती थी और उपभोक्ताओं को परेशानी होती थी। अब 10 एमभीए का ट्रांसफार्मर लग जाने से इस समस्या का निदान हो जाएगा।

## मांझी नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को मुख्य पार्षद विजया देवी की अध्यक्षता में मांझी नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल वार्ड पार्षदों ने कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, गरीब फुटकर दुकानदारों के लिए नगर पंचायत से ऋण आवेदन प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी गहनता पूर्वक विचार-विमर्श हुआ। ठंड के मद्देनजर चिह्नित स्थानों पर अलाव की व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, जाम से निजात, सड़क निर्माण, जल





निकासी और साफ-सफाई प्रणाली को मजबूत करने जैसी सुविधा से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। बोर्ड के सदस्यों ने क्षेत्र की प्राथमिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य पार्षद विजया देवी ने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य हर वार्ड में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने पदाधिकारियों और सदस्यों को पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से विकास योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। नगर कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया ने नगर के समग्र विकास को लेकर वार्ड पार्षदों के सुझाव का अवलोकन किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लंबित योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि विकास कार्यों में देरी न हो। बैठक में उपमुख्य पार्षद नीतू सिंह,अशोक यादव, राजा ठाकुर,तरनुम निशात तथा मनीष कुमार सिंह सहित शेष वार्ड पार्षद आदि भी मौजूद थे। मौके पर मुख्य पार्षद ने सभी सदस्यों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

## डेरनी में महान शिक्षाविदों की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, नई कार्यकारिणी का गठन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** महान शिक्षाविद कॉमरेड जयमंगल सिंह एवं सियाराम शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर 20 दिसंबर 2025 को डेरनी बाजार स्थित इंदिरा मार्केट में डेरनी क्षेत्र विकास मंच के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष डॉ. के.एन. सिंह ने की। सभा की शुरुआत उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा दोनों शिक्षकों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कॉमरेड जयमंगल सिंह एवं सियाराम शर्मा के व्यक्तित्व, उनके शैक्षणिक योगदान तथा समाज के प्रति उनके समर्पण को याद किया और उनके बताए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा को गुंजेश्वर प्रसाद राय, गोरखनाथ ओझा, शिवजी दास, विजय कुमार साह, परमात्मा प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र पांडे, हरिहर राम, लक्ष्मण सिंह ठेकेदार, देवदत्त प्रसाद अमीन, डॉ. के.एन. सिंह, राजनाथ राय, रामजी प्रसाद राय, डॉ. महात्मा प्रसाद गुप्ता, कमलेश प्रसाद यादव समेत कई प्रबुद्ध महानुभावों ने संबोधित किया।मंच के अध्यक्ष डॉ. के.एन. सिंह ने डेरनी को प्रखंड का दर्जा देने, सुतिहार फील्ड को स्टेडियम में विकसित करने सहित अन्य चिर-परिचित मांगों को दोहराते हुए मंच के माध्यम से लगातार संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। सभा में डेरनी क्षेत्र विकास मंच की नई कार्यकारिणी समिति की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से पारित किया। नई कार्यकारिणी में गुंजेश्वर प्रसाद राय को अध्यक्ष, नंद किशोर शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, गोरख ओझा, लक्ष्मण सिंह ठेकेदार एवं विश्वनाथ राय को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव पद की जिम्मेदारी इंजीनियर जयनंदन प्रसाद राय को सौंपी गई, जबकि संयुक्त सचिव

## केले के फल का मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत केले के फल का मूल्य संवर्धन% विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवक-युवतियों को मूल्य संवर्धन की ओर आकर्षित करना था। इसमें सारण जिले के मांझी और गड़खा प्रखंडों से कुल 55 युवक-युवतियों ने भाग लिया। समापन समारोह में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का महत्व बतलाते हुए इसे अपने क्षेत्र में लागू करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. जितेंद्र चंदोला ने केले, आम, अमरूद और लीची जैसे विभिन्न फलों के मूल्य संवर्धन पर जानकारी दी। डॉ. सुषमा टम्टा ने मूल्य संवर्धन की अवधारणा, इसके लाभ और विशेष रूप से केले के मूल्य संवर्धन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. जीर विनायक और डॉ. विजय कुमार ने भी संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दूसरे दिन, सभी प्रतिभागियों को हाजीपुर के कुतुबपुर डुमरी स्थित ग्रीन केला फूड इंटरप्राइजेज का भ्रमण कराया गया। यहाँ उन्हें केले के फल और छिलके से चिप्स और पाउडर बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान, सभी युवक-युवतियों और कर्मियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता की शपथ भी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र, माँझी के अमितेश कुमार गौरव, रामा रंजन, राकेश कुमार, अंकित कुमार मिश्रा, उमाशंकर, अवनीश पांडेय और संतोष कुमार ने सहयोग दिया।



## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सराय थाना की पुलिस टीम ने एसकेजी शुगर मिल बाईपास रोड से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद किया है। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एसकेजी शुगर मिल बाईपास रोड में एक युवक स्मैक की बिक्री कर रहा है। जहां छापेमारी की गई तो तस्कर पुलिस को देखकर भागना लगा। जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 61 पुड़िया स्मैक बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा मिस्कार निवासी सद्दाम हुसैन है. जिससे पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सद्दाम हुसैन के निशानदेही पर अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व कूड़ा निस्तारण के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट को ले शुरू हुई पहल

- डीएम ने सदर प्रखंड के भंटापोखर और लक्ष्मीपुर में किया स्थल का निरीक्षण
- पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के अलावा विकास की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने पदाधिकारियों के साथ सदर प्रखंड अंतर्गत भंटापेखर व नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत लक्ष्मीपुर में स्थल निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद के सभी 45 वार्डों से निकलने वाले कूड़े-कचरे के निस्तारण गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके समुचित निस्तारण के लिए उपयुक्त जमीन को चिह्नित करने की प्रक्रिया की जा रही है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि शहर के घरों से निकलने वाले गंदे व दूषित पानी को वैज्ञानिक तरीके से उपचारित कर शुद्ध करने व इसको दोबारा उपयोग युक्त बनाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। बता दें कि सभी वार्डों सहित प्रतिष्ठानों से प्रतिदिन 45 से 50 टन कूड़ा निकलता है। जिसके लिए उपयुक्त जगह नहीं मिलने पर इसका निस्तारण या तो हाइवे के किनारे किया जाता है या फिर नदी तटों पर कर दिया जाता है। इससे दुर्गंध समेत स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती रहती है। जिससे पर्यावरण भी दूषित होता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए यह अच्छी पहल की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित ईओ, सिटी मैनेजर बालेश्वर राय, स्वच्छता पदाधिकारी उज्जवल तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कूड़ा निस्तारण के लिए उपयुक्त जमीन को चिह्नित करते हुए प्रस्ताव तैयार कर विभाग को यथाशीघ्र भेजने की तैयारी की जाए, ताकि परियोजना को धरातलीय स्वरूप दिया जा सके।

## शैक्षणिक व वित्तीय प्रभार नहीं सौंपने पर 41 प्रभारी एचएम से स्पष्टीकरण

**सिवान।** जिले के मैरवा प्रखंड के तीन पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापकों सहित अन्य प्रखंडों के 41 पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापकों से जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शैक्षणिक एवं वित्तीय प्रभार से संबंधित मामलों को लेकर स्पष्टीकरण पूछा गया है। जिसमें सेमरा, बड़गांव और बड़का मांझा के स्कूल के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक शामिल है। इनके द्वारा अबतक नव-नियुक्त प्रधानाध्यापक को शैक्षणिक एवं वित्तीय प्रभार पूर्ण रूप से हस्तांतरित नहीं किया गया है।

## दो दिनों से है लो-वोल्टेज की समस्या, अंधेरे में रहने को ग्रामीण मजबूर

**सिवान।** सदर प्रखंड के जमसिकरी गांव में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति प्रभावित है। टेक्निकल फाल्ट के कारण गांव में वोल्टेज अत्यंत कम आ रहा है, जिससे घरेलू कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कम वोल्टेज के चलते, बल्ब, टीवी, मोटर पंप सहित अन्य विद्युत उपकरण काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की शिकायत बिजली विभाग के पदाधिकारियों से भी की गई है। लेकिन इसे अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन द्वारा मरम्मत के नाम पर पहले पैसे की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वरीय अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की जाए।

## विशेष अभियान चलाकर 96 ई-रिक्शा चालकों से वसूला गया 606500 रुपये जुर्माना

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के आदेश के आलोक में परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। यह कार्रवाई नगर परिषद क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से बढ़ते ई-रिक्शा के परिचालन पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई। शहर के गोपालगंज मोड़, जेपी चौक, बबुनिया मोड़, तरवारा मोड़ पर करीब 600 से अधिक ई-रिक्शा की जांच की गई। जांच के क्रम में 96 ई-रिक्शा चालकों से कुल छह लाख छह हजार 500 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। एडीटीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गैस आधारित शवदाह गृह के निर्माण हेतु नदी किनारे जमीन चिन्हित करने का डीएम ने दिया निर्देश

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को गैस आधारित शवदाह गृह के निर्माण हेतु गंगा व सरयू नदी से सटे प्रखंडों में यथा सदर, रिविलगंज, मांझी, दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंड में नदी के किनारे एक एकड़ भूमि चिन्हित करने हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि गैस आधारित शवदाह गृह के निर्माण हेतु अविलंब पांच प्रखंडों में नदी के किनारे एक एकड़ की भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें ताकि उक्त शवदाह गृह का निर्माण यथाशीघ्र प्रारंभ किया जा सके। अपर समाहर्ता, राजस्व एवं प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व को संदर्भित कार्य का नियमित रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

## सीवान : सुबह 9 बजे से पहले व शाम 4.30 बजे के बाद शिक्षण संस्थानों में नहीं चलेंगी कक्षाएं

### 25 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा आदेश, अत्यधिक ठंड को देखते हुए लिया गया है निर्णय

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और सुबह-शाम में तापमान में अधिक कमीं होने की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसें जिला प्रशासन ने शैक्षणिक गतिविधियों के समय में अस्थायी संशोधन किया है। जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत विशेष आदेश जारी करते हुए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए दिशा निर्देश निर्धारित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के अंतर्गत संचालित सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के अलावा निजी कोचिंग संस्थानों, प्री-स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां सुबह 9 बजे से पहले एवं शाम 4.30 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी शैक्षणिक गतिविधियां केवल सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच हीं संचालित की जाएगी। ताकि बच्चों को अत्यधिक ठंड से बचाया जा सके। हालांकि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित विशेष कक्षाओं को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी पढ़ाई बाधित ना हो, इसके लिए विशेष कक्षाएं पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार हीं संचालित की जा सकती है। यह आदेश शनिवार से आगामी 25 दिसंबर यानी गुरूवार तक प्रभावी रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने कहा है कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय एहतियातन लिया गया है। ताकि छोटे बच्चों और विद्यार्थियों को ठंड से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। ऐसे में डीएम ने जिले के सभी विद्यालय प्रबंधन, कोचिंग संचालकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ हीं अभिभावकों से भी यह अपील की गई है कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आदेश का अनुपालन करें।

